बकरियों में होने वाले थनैला रोग संबंधी जानकारी एवं रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

जबलपुर। दिनांक 15.03.2022 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशु औषधि विभाग, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर द्वारा संचालित परियोजना **"रिफरेंस लेबोरेटरी फॉर मॉनिटरिंग ऑफ केप्राईन मेस्टाईइटिस"** जो कि म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल द्वारा वित्त पोषित है के अंतर्गत बकरियों में थनैला रोग संबंधी जानकारी एवं रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कायक्रम का आयोजन इमलिया स्थित वेटरिनरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर में दिनांक 15. 03.2022 को आयोजित किया गया। यह नवाचार विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) सीता प्रसाद तिवारी जी के निर्देशन में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण हेतु 29 प्रशिक्षणार्थियों को थनैला रोग संबंधी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में बकरियों में अलाक्षणिक थनैला रोग, अयन रोग, प्रतिरोधक क्षमता, थनैला व गर्भाशय संबंधी विकार आदि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त अलाक्षणिक थनैला रोग की जांच हेतु प्रायोगिक परीक्षण सभी प्रशिक्षार्थियों ने स्वतः किया। महाविद्यालय से आये विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को पशु संबंधी अन्य बीमारियां एवं रख–रखाव से संबंधित जिज्ञासाओं का निवारण किया गया।

इस प्रशिक्षण को सफल बनाने डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. नितिन बजाज, डॉ. ब्रजेष सिंह एवं डॉ. निधि गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर